सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 28 जून, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में राजभवन के 26 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा राज्यपाल ने हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 मेधावी छात्र–छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार आप लोगों के अपने कार्यों के प्रति ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। राज्यपाल ने कहा कि जिस लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आपके द्वारा कार्य किया गया है, उसे निरंतर जारी रखें। उन्होंने कहा कि सम्मानित होने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अन्य के लिए एक उदाहरण हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि राजभवन में आने वाला हर व्यक्ति यहां से संतुष्ट होकर जाए। आप सभी लोगों की समस्याओं के प्रति सजगता से कार्य करते हुए उनका ससमय निस्तारण के लिए कार्य करें। राजभवन से लोगों के मध्य एक अच्छा संदेश जाय इसमें आप सभी की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है।

राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी से इसी लगन और मेहनत के साथ परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अभिभावक के लिए, अपने बच्चों का बड़ा होना और अच्छा करना बेहद सुखद अनुभव होता है। सभी बच्चे इसी तरह अपने माता–पिता के आकाक्षांओं पर खरा उतरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चे और अधिक मेहनत कर हमेशा अपने अभिभावकों का मान बढ़ाएं। हमेशा हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करें।

सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने भी सम्मानित होने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव के अलावा राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

............0............